CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 8 □ रायपुर, शुक्रवार 31 जनवरी 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने दिया विकसित भारत का संदेश

### अभिभाषण में महाकुंभ हादसे का भी किया जिक्र



**संसद का बजट सत्र शुरू**

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (न्यूज चैनल)। दिल्ली विधानसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच संसद का बजट सत्र शुक्रवार को आरंभ हो गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने सांसदों को संबोधित करते हुए देश को विकसित भारत का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे पर दुख जताया। राष्ट्रपति ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भी श्रद्धांजलि दी।

अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि संसद की इस बैठक को संबोधित करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। अभी दो माह पहले हमने संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ मनाई है और कुछ दिन पहले ही भारतीय गणतंत्र ने 75 वर्षों की यात्रा भी पूरी की है। ये अवसर लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत के गौरव को नई ऊंचाई देगा। भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को आज मेरी सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। आज देश बड़े निर्णयों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए पांच लाख 36 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाने की योजना है। जनजातीय समाज के पांच करोड़ लोगों के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान प्रारंभ हुआ है। इसके लिए 80 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा देने का फैसला हुआ है। इन्हें हर वर्ष पांच लाख रुपये का हेल्थ कवर मिलेगा।

## केन्द्रीय वित्त मंत्री ने संसद में पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण का दस्तावेज

### जीडीपी वृद्धि 6.3-6.8 फीसदी के बीच रहने की उम्मीद



**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (न्यूज चैनल)। संसद के बजट सत्र के पहले दिन केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया. सर्वेक्षण के अनुसार भारत की वित्त वर्ष 2026 की जीडीपी वृद्धि 6.3-6.8 फीसदी के बीच रहने की उम्मीद है.

2024-25 का आर्थिक सर्वेक्षण पिछले सर्वेक्षण से छह महीने की छोटी अवधि में आया है, जिसे आम चुनाव के बाद जुलाई 2024 में पेश किया गया था. इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 22 जुलाई 2024 को संसद में 2023-2024 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण दस्तावेज पेश किया था.

### भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर रहेगी

सर्वेक्षण में बताया गया है कि वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद वित्त वर्ष 2025 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत (राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमानों के अनुसार) दशकीय औसत के करीब बनी हुई है. सर्वेक्षण में कहा गया है कि कुल आपूर्ति के नजरिए से, वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में भी वित्त वर्ष 2025 में 6.4 फीसदी की वृद्धि होने का अनुमान है.

### सभी क्षेत्र विकास में योगदान दे रहे हैं

सर्वेक्षण दस्तावेज के अनुसार सभी क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं. सर्वेक्षण में कहा गया है कि कृषि क्षेत्र मजबूत बना हुआ है, जो लगातार रुझान के स्तर से ऊपर चल रहा है. इंडस्ट्रियल क्षेत्र ने भी महामारी से पहले की स्थिति से ऊपर अपनी स्थिति बना ली है. हाल के वर्षों में मजबूत विकास दर ने सेवा क्षेत्र को उसके रुझान के स्तर पर ला दिया है.

### महंगाई धीरे-धीरे नियंत्रण में आ रही है

सर्वेक्षण में बताया गया है कि खुदरा महंगाई वित्त वर्ष 2024 में 5.4 फीसदी से घटकर अप्रैल-दिसंबर 2024 में 4.9 प्रतिशत हो गई है. इसमें कहा गया है कि चुनौतियों के बावजूद भारत में महंगाई प्रबंधन के लिए सकारात्मक संकेत हैं. भारतीय रिजर्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का अनुमान है कि भारत की उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2026 में धीरे-धीरे लगभग 4 प्रतिशत के लक्ष्य के अनुरूप हो जाएगी.

## राइस मिलर्स और एजेंट के 25 ठिकानों पर छापा



**7 से 8 करोड़ के दस्तावेज मिले**

**रायपुर,** 31 जनवरी (हाईवे चैनल)। आयकर अन्वेषण की टीम ने राइस मिलर्स, कमीशन एजेंट्स-ब्रोकर्स के ठिकानों पर मिले कैश में से करीब 7 से 8 करोड़ रुपए कैश सीज कर लिया है. राजधानी सहित राजिम, धमतरी, राजनांदगांव, दुर्ग और तिल्दा के सभी ठिकानों पर आयकर जांच दूसरे दिन भी जारी रही।

गोंदिया (महाराष्ट्र) और काकीनाड़ा (आंध्रप्रदेश) में भी आयकर अफसर जांच में जुटे रहे. आयकर अन्वेषण छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के दो राइस मिलर्स, राइस एक्सपोर्टर्स कारोबारी समूह के साथ ही अनाज व्यवसाय से जुड़े कमीशन एजेंट्स, राइस ब्रोकर्स के 25 ठिकानों पर की जा रही जांच दूसरे दिन भी जारी रही. सभी ठिकानों से मिले अहम दस्तावेज से कच्चे में कारोबार और कैश में व्यवसाय किए जाने के ढेरों दस्तावेज मिले हैं. बुधवार सुबह शुरू की गई राइस मिल परिसर, आवासीय ठिकानों और कार्यालयों में मिले कैश में से 7 से 8 करोड़ रुपए कैश सीज कर लिए गए हैं. राइस मिलर्स और राइस ब्रोकर्स से संबंधित राज्य के बाहर गोंदिया (महाराष्ट्र) और काकीनाड़ा में की जा रही जांच भी गुरूवार को जारी रही. गोंदिया में कमीशन एजेंट-ब्रोकर्स के एंगल और काकीनाड़ा में राइस एक्सपोर्ट किए जाने संबंधी दस्तावेज की छानबीन की जा रही है. मिले दस्तावेज के आधार पर वहां मौजूद संचालक अथवा कंपनी के स्टाफ का बयान लिया जा रहा है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### गंगा में बड़ी नाव की टक्कर से पलटी छोटी नाव, मची अफरा तफरी

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (न्यूज चैनल)। दशाश्वमेध घाट के पास स्थित मानमंदिर घाट के सामने शुक्रवार को एक बड़ी नाव से टक्कर के बाद छोटी नाव पलट गई। जिससे छोटी नाव डूबने लगी। इस दौरान मौके पर अफरा तफरी मच गई। नाव में सवार लोग शोर मचाने लगे। इस बीच नाव पलटने की सूचना पर आनन- फानन जल पुलिस के साथ ही एनडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंचे और सभी यात्रियों को रेस्क्यू किया। नाव में सवार सभी लोगों को सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. एस चनप्पा के अनुसार बड़ी नाव में 58 लोग सवार थे। छोटी नाव में छह लोग थे। बड़ी नाव की टक्कर से छोटी नाव पलट गई। उसमें सवार छह लोगों को 11 एनडीआरएफ, पीएसी बाढ़ राहत दल और जल पुलिस के जवानों ने सुरक्षित बचा लिया। दो लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल भेजा गया। दोनों नाव संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ में 8 ट्रेनें रद्द



**रायपुर,** 31 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ से चलने वाली 8 लोकल ट्रेनों को रेलवे ने रद्द कर दिया है. बैकुंठ-सिलियारी सेक्शन में रिलीविंग गर्डर की डी-लॉन्चिंग के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा. इसके चलते 2 से 5 फरवरी तक बिलासपुर-रायपुर के बीच चलने वाली ट्रेनों को अलग-अलग तारीख में रद्द किया गया है. इससे यात्रियों को परेशानी का सामना कर पड़ेगा.

जिन ट्रेनों को रद्द किया गया हैं उनमें 2 फरवरी को 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, 2 फरवरी को 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 2 फरवरी को 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर, 2 फरवरी को 68733 गेवरारोड- बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 4 फरवरी को 58201 बिलासपुर-रायपुर पैसेंजर, 4 फरवरी को 58207 रायपुर-जूनागढ़ रोड पैसेंजर, 5 फरवरी को 58208 जूनागढ़-रायपुर रोड पैसेंजर, 5 फरवरी को 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर शामिल हैं।

## बलौदाबाजार अग्निकांड में 14 आरोपियों को मिली जमानत



**बिलासपुर,** 31 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ उच्च न्यायालय ने बुधवार को बलौदाबाजार अग्निकांड मामले की सुनवाई करते हुए 14 आरोपियों की जमानत स्वीकार कर ली। उच्च न्यायालय ने कल 43 मामलों की सुनवाई की। उच्च न्यायालय के बुधवार को आये इस आदेश के बाद माना जा रहा है कि भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव के जमानत का रास्ता साफ हो गया ।

उल्लेखनीय है कि, 10 जून 2024 को कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर हिंसा, आगजनी और तोडफ़ोड़ की घटना हुई थी। पुलिस ने इस हिंसा के मामले में कुल 187 लोगों को गिरफ्तार किया है। हाईकोर्ट ने 43 मामलों की सुनवाई करते हुए 14 लोगों की जमानत याचिका मंजूर कर ली है।

जिन आरोपियों को जमानत मिली है उनमें मोहन बंजारे, नरेंद्र डहरिया, दिनेश चतुर्वेदी, हेमंत बंजारे, रेखराम सोनवानी, बृजेश कुमार, जितेंद्र बंजारे, अक्षय पोर्ते, शैलेंद्र बंजारे, विजय कुमार, हेमंत सारंग, संजय सिंह, हेमंत सिंह तथा दिनेश कुमार शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि बलौदाबाजार में हुई आगजनी और हिंसा ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया था। यह पूरे देश की पहली ऐसी घटना है जिसमें उपद्रवियों के द्वारा कलेक्टर और एस पी कार्यालय को जला दिया गया था। हिंसा में उपद्रवियों ने 12.5 करोड़ की शासकीय एवं निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। गिरौदपुरी धाम स्थित महकोनी ग्राम के अमरगुफा की घटना के बाद उपजे विवाद के बाद उग्र भीड़ ने 10 जून को बलौदाबाजार शहर और जिला संयुक्त कार्यालय में तोडफ़ोड़ और आगजनी की थी। जिला प्रशासन के मुख्य कार्यालय-एसपी और कलेक्टर के कार्यालय तक को उपद्रवियों ने आग के हवाले कर दिया था। इस आगजनी में दो दमकल की गाडिय़ा सहित 200 से अधिक वाहन को आग के हवाले कर दिया गया था। वहीं 25 से ज्यादा पुलिस कर्मी घायल हुए थे। इस घटना में 12.53 करोड़ रुपये की संपत्ति के नुकसान का आंकलन किया गया है।

## भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने की तोड़फोड़, लगाई आग



■ **जिला पंचायत प्रत्याशी की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं का फूटा आक्रोश**

**धमतरी,** 31 जनवरी (हाईवे चैनल)। सूत्रों के अनुसार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 जो अनारक्षित है वहां से तीन नाम सामने आये थे जिसमें शैलेन्द्र भेनू सेवक, निखिल साहू और अरूण सार्वा का नाम शामिल था। जैसे ही इस क्षेत्र से अरूण सार्वा को प्रत्याशी बनाया गया अनेक पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध शुरू कर दिया। विरोध में नगरी के भाजपा कार्यालय में रखे अलमारी कुर्सी टेबल एवं फर्नीचर के सभी सामान और दस्तावेजों को कार्यकर्ताओं ने आग के हवाले कर दिया गया। इस दौरान पंखे भी नहीं बचे पंखा को टेढ़ा कर दिया गया तोड़फ़ोड़ किया गया और भाजपा कार्यालय को तहस-नहस कर दिया। जैसे ही नगरी के भाजपा कार्यालय में तोड़फ़ोड़ और आगजनी की घटना होने की सूचना जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस को मिली वे रायपुर से नगरी के लिए प्रस्थान किये। बताया गया कि इस घटना की जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष समेत रायपुर के अनेक वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों को दी गई है। सभी ने इसे गंभीरता से लिया है और कहा जा रहा है कि दो-तीन दिन में पार्टी कोई बड़ा निर्णय भी ले सकती है।




चूहा- सुनती हो, पटवारी और सहायक सीमांकन के लिए 5 लाख रिश्वत मांग रहे थे।

चुहिया- हां जी, लेकिन यह तो बहुत पुराना रेट है..!

## 8 करोड़ की ठगी करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 31 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में पैसा डबल करने का झांसा देकर 8 करोड़ की ठगी करने वाले आरोपी विनीत कुमार पाण्डेय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी फ्रॉड कंपनी वेलफेयर बिल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड का जोनल मैनेजर के पद पर पदस्थ था और अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर लोगों से कंपनी में पैसे निवेश करवा रहा था. लोगों से मोटी रकम ठगने के बाद कंपनी अपना दफ्तर बंद कर फरार हो गई. मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी को धर दबोचा है. जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी विनीत कुमार पाण्डेय रांची के शिवम गार्डन का निवासी है. वह चिटफंड कंपनी वेलफेयर बिल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के जोनल मैनेजर के रूप में लोगों से कंपनी में निवेश कराता था. कंपनी द्वारा धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ, जब मैनपाट के कमलेश्वपुर निवासी देवराज यादव ने 4 सितंबर 2024 को गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि नमनाकला में संचालित उक्त कंपनी के संचालक और अन्य पदाधिकारी निवेशकों से रकम दोगुना करने का झांसा देकर करोड़ों जमा करवाए और कंपनी का कार्यालय बंद कर फरार हो गए हैं. मामले की जांच में पुलिस को जानकारी मिली कि वेलफेयर बिल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश व बंगाल में भी संचालित थी, जिसे रिजर्व बैंक द्वारा भी वित्तीय लेनदेन की अनुमति नहीं दी गई थी. एजेंट बनाकर चैन सिस्टम से निवेशकों से योजनाबद्ध तरीके से ठगी की गई. कंपनी द्वारा 8 करोड़ से अधिक की ठगी होने के सबूत भी मिले.

## जहरीली युमना वाले बयान पर केजरीवाल ने चुनाव आयोग को दिया जवाब



**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (न्यूज चैनल)। यमुना में अमोनिया को लेकर दिल्ली में सियासत तेज हो गई है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव 2025 के एलान के बाद सियासी सरगर्मी जोरों पर है। सभी सियासी दल चुनाव प्रचार में जोर पूरे जोर शोर से लगे हुए हैं। राजधानी में 5 फरवरी को मतदान होना है और 8 फरवरी को मतगणना होनी है।

आप सांसद संजय सिंह ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग को दिल्ली में आने वाले पानी में जहर मिलाने की भाजपा की साजिश का पूरा घटनाक्रम बताया है। आयोग ने कहा है कि वह पूरे मामले की तथ्यों के साथ जांच करेगा और फिर कोई निर्णय लेगा। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और अन्य आप नेता भारत चुनाव आयोग पहुंचे। जहरीले पानी पर अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग को जवाब दिया है। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, मैं मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से दो बातें कहना चाहता हूं, उन्हें खुद 7 पीपीएम पानी पीना चाहिए। अगर यह जहरीला नहीं है तो उन्हें 3 दिन तक 7 पीपीएम पानी पीना चाहिए और उन्हें खुद पता चल जाएगा कि यह जहरीला है या नहीं। दिल्ली जल बोर्ड ने अपने पत्र में लिखा, हमारे परीक्षणों से पता चला और यह एक तथ्य है कि हरियाणा से जो पानी दिल्ली आ रहा था, उसमें 5 पीपीएम, 6 पीपीएम, 7 पीपीएम अमोनिया था।

## नाव लेकर बीच यमुना में उतर गए राहुल गांधी



**केजरीवाल तो सिर्फ बातें करते हैं**

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (न्यूज चैनल)। दिल्ली में यमुना नदी की स्थिति चिंताजनक है। नदी में काला पानी बह रहा है। राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर एक वीडियो ट्वीट किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव के प्रचार के बीच यमुना नदी के किनारे पहुंचकर नदी की स्थिति का जायजा लिया तथा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उनका एक पुराना वादा याद दिलाते हुए कहा कि वह डुबकी कब लगाएंगे। राहुल गांधी ने यमुना नदी के किनारे पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने का वीडियो एक्स पर जारी किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जी, अब तो 2025 आ गया। आप यमुना में डुबकी कब लगाएंगे? दिल्ली इंतज़ार कर रही है। पिछले विधानसभा चुनाव के समय केजरीवाल ने यमुना नदी की सफाई का वादा किया था। राहुल गांधी इन दिनों अपनी हर चुनावी सभा में केजरीवाल के इस वादे का उल्लेख करके उन पर निशाना साध रहे हैं।

उन्होंने दावा किया था कि केजरीवाल यमुना में स्नान नहीं करेंगे और न ही इसका पानी पीयेंगे क्योंकि ऐसा करने पर वह अस्पताल पहुंच जाएंगे। जिस रिसर्चर से राहुल ने बात की उन्होंने स्थिति का 360 डिग्री दृश्य दिया, जिसमें ऊपरी इलाकों से आने वाले प्रदूषक, पानी का डायवर्जन जिससे कचरा बाहर निकालना मुश्किल हो रहा है और दोषपूर्ण सीवेज उपचार संयंत्र शामिल हैं जो गंदगी में योगदान दे रहे हैं। जिन लोगों से उन्होंने बात की, उन्होंने एकमत होकर नदी की सफाई की किसी भी प्रक्रिया की निंदा की और इसे पैसे हड़पने के लिए किया गया दिखावा करार दिया। इस बजट से उम्मीद की जा रही है कि ये कदम भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, लोगों के जीवन स्तर को सुधारने और विकास को बढ़ावा देने में सहायक होंगे।

CMYK